तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट




10 कैट के स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच





11 7 प्रमुख मार्गों पर अब नजर नहीं आएंगे बिजली के ...

# प्लांट के विरोध में तीसरे दिन भी डटे रहे ग्रामीण, पंचायत चुनाव के बहिष्कार की ली शपथ

## ग्राम पथर्रा में जारी आंदोलन के दौरान बुधवार को भी नहीं पहुंचा कोई अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पथर्रा में एथेनाल प्लांट को बंद कराने की जिद में तीसरे दिन भी धरना स्थल पर ग्रामीण ,किसान, महिला बच्चे बड़ी संख्या में प्रदर्शन स्थल पर मौजूद रहे। ग्रामीणों के इस शांति पूर्ण आंदोलन के तीसरे दिन भी शासन प्रशासन के खिलाफ ग्रामीणों ने अपना आक्रोश व्यक्त किया।

इसके साथ ही आगामी होने वाले पंचायत चुनाव के बहिष्कार की शपथ भी ली गई। इसके अलावा आंदोलनकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल इस प्रदर्शन में जोड़ने छत्तीसगढ़ के नामचीन सेवानिवृत अधिकारियों, पर्यावरण विद और सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क करने भेजा गया। आंदोलन में शामिल किसान नेता प्रमील तिवारी,सुरित साहू, जनपद सदस्य सिद्दीक खान, अजिताभ मिश्रा ने बताया कि बहुत जल्दी धरना स्थल पर समर्थन के लिए इन शख्सियतों पहुंचने की संभावना है।

बता दें कि धरना स्थल पर आस पास गांव से सैकड़ों की संख्या में हर दिन ट्रैक्टर में सवार होकर ग्रामीण अपना समर्थन देने आ रहे हैं।



### छुट्टी के बाद बच्चे भी पहुंचे धरनास्थल

इसके अलावा स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूली बच्चे भी धरना स्थल में पहुंच कर आंदोलन में भाग ले रहे हैं। साथ ही धरना स्थल पर महिलाओं और बच्चे गीत संगीत की प्रस्तुत देकर क्षेत्र में प्लांट बंद करने की आवाज उठा रहे हैं। महिलाएं भी लोक गीत गाते दिखीं। दिन प्रति दिन आंदोलन का स्वरूप बढ़ता दिख रहा है। इस दौरान किसानों का यह भी कहना है कि तीन दिन गुजरने के बाद प्रशासन की मौन रहना, इस धरना के आक्रोश और उत्तेजना को बढ़ावा दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### आन्दू के ग्रामीणों ने ली स्वच्छता की शपथ

**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत आन्दू में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता शपथ ली गई। अमृत सरोवर तालाब में स्वच्छता अभियान साफ सफाई जनप्रतिनिधि, पंच,रोजगार सहायक सचिव युवा साथियों के द्वारा किया गया तथा साफ सफाई करने की दिशा में श्रमदान के लिये लोगों को प्रेरित किया गया। आस पास के वातावरण को साफ स्वच्छ बनाये रखने के लिए आग्रह किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हेम प्रसाद जोशी,पंच मनोज कुमार डेहरे,रोजगार सहायक अशोक ध्रुव,युवा साथी विजय जोशी,जन्तु डेहरे, दुल्लीचंद, रामसहाय यादव,चंद्रिका प्रसाद,अमृत दास अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### 2 अक्टूबर को बंद रहेंगी शराब दुकानें



**बेमेतरा।** कलेक्टर ने 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दिन बेमेतरा जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी।

### सड़क हादसे में पुलिसकर्मी घायल

**बालोद।** सड़क हादसे में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसे गुरुर स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चूल्हापथरा निवासी पुलिसकर्मी हेतन्द्र चिराम 35 वर्ष अपनी बाइक से ड्यूटी से वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक का टायर फटने से यह हादसा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसान हितेंद्र के सिर में गम्भीर चोटें आई हैं, जिसके कारण उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### दो पहिया वाहनों में टक्कर, एक की मौत

**डौंडीलोहारा।** ग्राम संबलपुर से कोटेरा की ओर जाने वाले मार्ग पर ग्राम कोटेरा के पास ही एक स्कूटी व बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गई। इससे दोनों सड़क पर गिर गए व चोटिल हो गए। उनमें से बाइक सवार को ज्यादा चोट लगी, जिससे सिर व मुंह से काफी खून बहने लगा। तुरंत ही उसे संजीवनी 108 की मदद से नगर के शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रघुलाल ठाकुर अपनी बाइक से अपने ग्राम कोटेरा जा रहा था, वहीं स्कूटी सवार संबलपुर की ओर आ रहा था। तभी दोनों की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। गाड़ियों की टक्कर की आवाज सुनकर आगे चल रहे अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे।

### मनरेगा में गड़बड़ी का आरोप, कलेक्टर से की गई शिकायत

**लाटाबोड़।** विकासखंड बालोद अंतर्गत ग्राम बोरी (लाटाबोड़) निवासी मनराखन लाल, रामकुमार साहू, योगेंद्र सेन, श्रवण कुमार पारख राम सोहन लाल पोषण लाल गौतम मनीष कुमार मनहरण लाल ने सरपंच पर मनरेगा में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में मंगलवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गाँव में मनरेगा कार्यों में सरपंच द्वारा अनियमितता की गई है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत जिन मजदूरों ने कार्य नहीं किया है, उनकी भी फर्जी हाजिरी दिखाकर उनके नाम से राशि का भुगतान किया गया है, जबकि कई मजदूरों को उनके मेहनताने का उचित भुगतान नहीं किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने मनरेगा कार्यों में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में शिकायत कर जांच व कार्रवाई की मांग की है।

## समस्या : जनपद पंचायत बेरला के ग्राम मनियारी में सफाई नहीं होने से बढ़ी समस्या

# नालियां जाम, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी पेयजल दूषित होने से संक्रमण का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/कोदवा

जनपद पंचायत बेरला अंचल क्षेत्र में आने वाले ग्राम मनियारी के वार्ड नंबर 4, 10 एवं 13 में ग्राम के गलियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इसके कारण पूरे वर्ष कीचड़ युक्त गलियों की बदहाली देखने को मिलती है। वहीं, ग्रामीणों के लिए बीमारियों व संक्रमण का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्राम पंचायत मनियारी के सभी वार्डों के नालियों व सड़क की कूड़ा-करकट व कचरे की साफ सफाई के अभाव के कारण गलियों में गंदगी पसरी हुई है। नल व घरों से निकलने वाली पानी नालियों में बहने के बजाय सड़कों पर फैलने से पानी का जमाव होने से गंदी व कीचड़ हो गई है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को पूरे वर्ष भर मजबूरी बन गई है।

■ नल-जल योजना के तहत गड्ढा खोदे जाने के बाद जगह-जगह टूट गई नालियां

ग्राम की गलियों में नाली निर्माण के अभाव होने के कारण गन्दा पानी का जमाव जगह जगह भरा रहता है। पानी का जमाव होने और समय से साफ-सफाई नहीं होने के कारण बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। साथ ही मच्छर पनप रहे हैं, जिससे आए दिनों बीमारी फैलने का खतरा ग्रामीणों में बना रहता है।



### नल भी लीक, बढ़ा खतरा

लिहाजा बेरला ब्लॉक के ग्राम मनियारी के लीला चौक पर लगभग 35 सालों से बोर का पानी ग्रामीणों के जीवन का स्त्रोत बना हुआ है। इस बोर से पाइप लाइन के माध्यम से तीन चौक पर पानी टँकी पर पानी पहुंचता है। जिसके बाद ग्रामीण महिलाएं सुबह-शाम दैनिक जीवन यापन के लिए उपयोग करते हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग साजा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनियारी में शासन प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत नल जल योजना से ग्राम मनियारी में रेट्रोफिटिंग से पाइप लाइन बिछाने के लिए गलियों के सड़क व नालियों को खोदा गया। इसके कारण गलियों की दुर्दशा ही बिगड़ गई है। इससे गलियों की पानी नालियों में बहने के बजाय सड़कों में बह रहा है। खोदने के दौरान सकड़ की बीचों बीच खोदे गए तो कहीं सड़क की किनारे व नालियों को तोड़ते हुए खोदे गए। जिनके कारण जमीन अंदर से पानी लीकेज हो रहा है।

वहीं, ग्रामीण महिलाएं महीनों से घर के लिए पानी भर कर ले जाया जाता है। उसके बाद उसी पानी के सेवन ग्रामीण करते आ रहे है। लोहे की पाइप टूटने से जमीन में दबे लोहे की जंग पाइप से लीकेज पानी को पी रहे है। इससे आय दिनों डायरिया फैलने की खतरा बना हुआ है। ठेकेदार की लापरवाही के चलते नियम व लेआउट एवं माप दण्ड को दरकिनार कर खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई है। उसके बाद अधूरा काम कर छोड़ कर चले गए है। बता दें कि पीएचई साजा एवं बेमेतरा जिला समीप जिला कवर्धा में डायरिया की बीमारी से ग्रसित हुए थे।

# प्रतिदिन बारिश के बाद भी गर्मी व उमस से राहत नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दो तीन दिनों से शहर सहित अंचलभर में तेज गर्जना के साथ कुछ समय के लिए बारिश हो रही है। फिर भी गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल पा रही है। सुबह से ही गर्मी के पसीने से लोग लथपथ हुवे जा रहे हैं। इधर, बिजली की आंख-मिचौली से भी लोग परेशान हो रहे हैं। बीते रात के समय बादलों की तेज गर्जन होने और हवा चलने के कारण कई सब स्टेशनों में आई खराबी से बिजली गुल रही।

इससे भी लोग गर्मी और उमस से परेशान होते रहे। विद्युत विभाग द्वारा नवरात्रि, दीवाली के पूर्व मेंटनेस का कार्य कराया जा रहा है। रोजाना जिले के फीडर में सुधार कार्य किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सुधार कार्य के चलते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित रूप से बिजली की कटौती की जा रही है। इधर, रोजाना बारिश होने के बावजूद उमस से राहत नहीं मिल रहीं। ऐसे में बिजली बंद होने से लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। वहीं, बिजली गुल रहने से सुबह और शाम को नल व ट्यूबवेल नहीं चल पाया। इसके चलते लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ा। सुबह नल व बोर के नहीं चलने से लोगों को हैंडपंप के पानी से प्यास बुझाना पड़ा।

### तेज गर्जना के साथ हो रही बारिश

मौसम में अचानक हो रहे बदलाव के बाद तेज गर्जना के साथ हवाएं के बीच बारिश हो रही है। हालांकि, दो दिनों से हो रही बारिश से किसानों को राहत मिल रही है। लेकिन, अपेक्षा के मुताबिक बारिश नहीं होने से किसान अभी भी चिंतित नजर आ रहे हैं। दो दिनों के दौरान जिले में 38.2 मिमी औसत बारिश हुई, जो कि कुल बारिश का 90.2 फीसदी है।

# गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बुधवार को बेरला ब्लाक के भिंभोरी में नवीन तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम बेरला पिंकी मनहर, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, तहसीलदार सुभाष शुक्ला भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने भवन निर्माण की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने भवन की गुणवत्ता और कार्य की गति पर संतोष व्यक्त करते हुए समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यालय के कार्यप्रणाली और सुविधाओं की भी जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि भवन आम जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर



बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नया तहसील कार्यालय क्षेत्र के निवासियों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी और क्षेत्र की विकास योजनाओं पर चर्चा की।

कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए और नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए ताकि परियोजना समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी हो सके।

# विकासखंडस्तरीय विज्ञान स्पर्धा में लावातरा हाईस्कूल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान गणित पर्यावरण विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल लावातरा की छात्राओं ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर आधारित विज्ञान नाटिका का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस नाटिका में कक्षा नवमीं की छात्राएं वैष्णवी साहू, भावना साहू, नंदिनी रजक, खुशबू निर्मलकर, डाली साहू, अंजली साहू, तारणी साहू, लिकेश्वरी साहू ने भाग लिया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य रविशंकर देशलहरे, व्याख्याता भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, शोभाश्विनी मेटिया, शहनाज खान एवं जमुना साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रतिभागी बालिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।




# समय पर स्कूल नहीं पहुंचे शिक्षक, नोटिस जारी

## डीईओ ने शासकीय विद्यालय कंतेली और ओटेबंद में पकड़ी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

यह वर्ष जिले में शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के कारण जिले के आला अधिकारियों के द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता एवं शैक्षणिक सुधार पर लगातार विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर संबंधित प्रधान पाठक एवं प्राचार्य को कड़ी हिदायत भी दी जा रही है। इसके बावजूद अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान सामने आ रही है कि शिक्षक, शिक्षिका स्कूल के प्रार्थना के समय में भी विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। हालांकि प्रार्थना के समय में उपस्थित नहीं रहने वाले और देर से विद्यालय पहुंचने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को कड़े निर्देश जहां दिए तो गए वहीं

प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों को अपने अधीनस्थ विद्यालयों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश



दिए जा रहे हैं। और अनियमित उपस्थिति वाले शिक्षकों, प्रधान पाठकों एवं प्राचार्य पर कार्यवाही भी की जा रही है। शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारियों का औचक निरीक्षण लगातार जारी है।

इसी सिलसिले में बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, डीएमसी नरेन्द्र वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे व एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू ने सुबह 10 बजे जिला मुख्यालय के समीप शासकीय प्राथमिक शाला/पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली, और शासकीय प्राथमिक शाला ओटेबन्द का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान नीता देशमुख सहायक शिक्षक (एल.बी), गीतेश मिश्रा सहायक शिक्षक (एल.बी), लक्ष्मी जांगड़े शिक्षक (एल.बी), प्रकाश सोनी शिक्षक (एल.बी) विद्यालय समय पर स्कूल ही नहीं पहुंचे थे। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## जलजीवन मिशन के कार्यों को लेकर कलेक्टर ने दी हिदायत

# गंभीरता से करें कार्य, लापरवाही बरतने पर होगी सख़्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट में जल जीवन जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने वर्ष 2021 से 2024-25 तक के निर्धारित लक्ष्यों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा लिया।

■ 16 माह बाद भी कार्य शुरू नहीं किए जाने पर जताई नाराजगी

कलेक्टर श्री शर्मा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए 16 माह बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नहीं होने पर नाराज़गी जताई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि तीन दिवस के भीतर सभी स्वीकृत कार्य शुरू नहीं होने पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी।




श्री शर्मा ने कहा कि जो ठेकेदार या संबंधित एजेंसी कार्य शुरू नहीं करती, उनकी अमानत राशि ज़ब्त करने और निविदा निरस्त कर नई निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरी गंभीरता से करें। किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बरतने पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यपालन अभियंता ने दी प्रगति की जानकारी

कलेक्टर ने प्राप्त आवंटन किए गए भुगतान,वाहन भुगतान आदि नियमानुसार स्वीकृत करने अनुमोदन दिया। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जगदीश प्रसाद गोड़ ने जल जीवन मिशन की अब तक की जानकारी दी। बैठक में समिति के सदस्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यशवन्त ध्रुव,सहायक संचालक, जनसम्पर्क शशिरत्न पाराशर,कार्यपालन अभियंता,जल संसाधन चन्द्र शेखर शिवहरे, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण निर्मल सिंह, उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना, उपवन मंडलाधिकारी व्ही.एच.दुबे, एसडीओ पीएचई संतोष नायक सहित पीएचई के ब्लॉक अधिकारी उपस्थित थे।

### बिजली की आंखमिचौनी से खराब हो रही लोगों की नींद

**बालोद।** बीती दो रात से शहरवासियों की नींद खराब हो चुकी है। इसका मुख्य कारण शहर में बिजली की आंख मिचौनी है। मिली जानकारी के अनुसार पूरे दिन बिजली की आपूर्ति ठीक ठाक हो रही है, लेकिन रात होते ही कहीं ट्रांसफार्मर खराब, तो कहीं तार टूटने या अन्य कई तरह की तकनीकी खराबी का हवाला देकर रात भर बिजली बंद कर दी जा रही है। ऐसे में लोगों की नींद खराब हो रही है। शहर के नयापारा, बुधवारी बाजार, संजय नगर, टिकरापारा, मारार पारा, पाण्डेपारा, जवाहरपारा सहित अन्य इलाकों में बीते दो दिनों से रात के समय 10 बजे से लेकर रात 3 बजे तो 4 से 5 बार बिजली बंद होने की शिकायत सामने आई, जिससे शहरवासियों की नींद खराब हो गई।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

